Vol. 39

JANUARY-
FEBRUARY 2026

ज्ञानेन पुंसां सकलार्थ सिद्धि :

# GYANODAYA PRABHA

"The more that you read, the more things you will know, the more that you learn, the more places you'll go." –Dr. Seuss






# NEW YEAR: NEW HOPE AND NEW CHALLENGES

As we welcome 2026, a new chapter unfolds with fresh dreams and endless possibilities. The New Year is a time to reflect on our achievements, learn from our mistakes, and set new goals. It inspires us to move forward with hope, courage, and determination. For students, 2026 brings opportunities to grow academically and personally. The New Year is not just a change of date on the calendar; it is a fresh start and another chance to become better than we were yesterday.

For students like us, the New Year means new books, new goals, new opportunities, and new dreams. It gives us the courage to say, "This year will be my year. I will study harder and prove myself to others." The New Year reminds us that success does not come overnight — it took so many "new year's." The New Year also teaches me an important lesson — to forget failures and our mistakes, and to move forward with hope. All we need is confidence, hard work, and a positive attitude. As the calendar turns and a new year dawn, it brings with it a gentle reminder: every ending is also a beginning. For us, as students and citizens of India, the New Year is not just a change in date—it is a symbol of renewed hope, fresh dreams, and the courage to face new challenges.

India, the world's largest democracy, stands at a remarkable point in its journey. With a young population full of energy and ideas, our nation continues to grow in technology, education, sports, science, and innovation. From advancements in digital infrastructure to achievements in space research and entrepreneurship, we are witnessing a transformation that inspires confidence in a brighter tomorrow. This New Year rekindles our hope that India will continue to progress with unity, inclusivity, and sustainability.

However, hope alone is not enough. Every New Year also brings new challenges. Issues such as environmental protection, social equality, unemployment, and responsible use of technology demand our attention. Climate change reminds us to be more conscious of our actions. Rapid digital growth challenges us to use social media wisely and ethically. As students, we must recognize that we are not just observers of these challenges—we are future leaders who will shape the solutions.

The New Year calls upon us to set meaningful goals, both personal and collective. Let us resolve to work harder, think deeper, and act kinder. Let us respect our diversity, uphold our values, and contribute positively to our communities. Small steps taken by millions can create powerful change.


In this spirit of "New Year, New Hope, New Challenges," let us welcome the year ahead with determination and optimism. For our nation, it is another step toward progress and unity. Let us embrace this year with positivity, kindness, and responsibility. May 2026 fill our lives with success, happiness, and the strength to overcome every challenge that comes our way. May we grow not only in knowledge but also in character, and may our efforts help build a stronger, more compassionate India.

Thank you

Jinvani Roshan (XI Biology)

## INTER-HOUSE ROLE PLAY COMPETITION ORGANISED

**On 7th January 2026, an Inter-House Role Play Competition on “Legends of Madhya Pradesh” was held at Naykan Hall, organized by Sarojini House. Students showcased great talent through impressive performances, highlighting the state’s rich culture and history. The event enhanced confidence, creativity, and knowledge, making it a memorable experience.**







## ANNUAL SPORTS FESTIVAL CELEBRATED

**The Annual Sports Meet was held on 16 January 2026 at the school football ground with great enthusiasm. The event was inaugurated by Chief Guest Dr. Rakesh Kumar Ahiwar, Tehsildar of Khurai, in the presence of Chairman Shri Dharmendra Seth and Principal Shri Girish Belkar.**






**The programme began with the lighting of the lamp and an impressive march-past by students. Various athletic events like races, relays, and hurdle races were conducted, along with exciting cultural performances including dance, rope skipping, and taekwondo displays.The chief guest highlighted the importance of sports in building discipline and teamwork. Lakshmi House emerged as the overall champion. The event concluded with prize distribution and a vote of thanks, making it a memorable and inspiring occasion.**





## SPELL BEE COMPETITION HELD

The Inter-House Spell Bee Competition was successfully held on January 21, 2026, in the Nayakn Hall for students of Classes VI to VIII. Participants from all houses took part with great enthusiasm, showcasing their exceptional linguistic and spelling abilities.

The competition witnessed intense rounds where students demonstrated not only their spelling skills but also their confidence and quick thinking. The event created an engaging and encouraging atmosphere, motivating students to enrich their vocabulary and language proficiency. Vivekananda House secured first position, Laxmi House & Tagore House secured second position, and Sarojini House third position. The event proved to be highly competitive and enriching, offering an excellent platform for young learners to build a love for words and language.






## REPUBLIC DAY CELEBRATED

The 78th Republic Day was celebrated on 26th January 2026 with great enthusiasm and patriotic spirit. The programme began with the flag hoisting, followed by the National Anthem and a tribute to freedom fighters.






Students and teachers gathered at Naykan Hall for cultural events, including patriotic songs, dances, and speeches by all four houses. The celebration highlighted the values of the Constitution and national unity.

The event concluded with prize distribution, sweets, and a friendly teachers vs students cricket match, making it a joyful and memorable occasion.





## DANCE AND MUSIC COMPETITION HELD

**An Inter-House Solo Folk Dance and Patriotic Group Song Competition was held on 26th January 2026 at Naykan Hall. Students from all four houses showcased vibrant folk dances representing different states and performed patriotic songs with great enthusiasm.**

















**The performances reflected cultural diversity, confidence, and team spirit. The event successfully promoted love for tradition and patriotism, making it a grand success.**

## The Capture & Create

**The Capture & Create activity was successfully conducted with active participation from students of Classes IX and XI across all houses. Students created engaging videos on advertisements and important social issues, showcasing creativity and teamwork. The event provided a platform to enhance communication skills and social awareness. Overall, it was an enriching and impactful learning experience for all participants.**







## INTERHOUSE SCIENCE QUIZ COMPETITION ORGANISED

An Interhouse Science Quiz was held on 14th February 2026 at Naykan Hall with enthusiastic participation from all houses. Students showcased teamwork and knowledge through various quiz rounds.





Laxmi House secured first place, followed by Sarojini and Tagore Houses. The event promoted scientific thinking and healthy competition.

## FAREWELL – A CELEBRATION OF MEMORIES AND NEW BEGINNINGS

A farewell for Class XII was held on 3 February 2026 in the school auditorium. Organized by Class XI students, the event featured performances, speeches, and heartfelt moments.











The ceremony celebrated memories, achievements, and friendships, ending on an emotional and memorable note.

प्रमुख गतिविधियाँ

अंतरसदनीय हिंदी वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

24 जनवरी 2026 को टैगोर सदन द्वारा अंतरसदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | यह प्रतियोगिता नायकन हॉल में आयोजित की गयी थी |इस प्रतियोगिता का विषय था - सोशल मीडिया युवाओं के लिए वरदान है या अभिशाप" | इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया | प्रतिभागियों ने अपने तर्कों से समां बाँध दिया |







प्रतियोगिता में लक्ष्मी सदन से पारस जैन (पक्ष),अनमोल असाटी (विपक्ष),टैगोर सदन से आराध्या जैन (पक्ष) मानसी चौरसिया (विपक्ष) ,सरोजनी सदन से दिशा असाटी (पक्ष) रितिका जैन(विपक्ष) एवं विवेकानंद सदन से हर्षिता राय (पक्ष ) एवं आस्तिक जैन (विपक्ष) ने भाग लिया |इस प्रतियोगिता का संचालन प्रगति पाल एवं अनुष्का जैन ने किया |प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने तर्कों से उपस्थित जन समुदाय को मन्त्र मुग्ध कर दिया | इस अंतरसदनीय प्रतियोगिता में क्रमशः टैगोर सदन ने प्रथम ,सरोजनी सदन ने द्वितीय ,लक्ष्मी सदन ने तृतीय एवं विवेकानंद सदन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया |
इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों के वाक्-कौशल को निखारना तथा तार्किक चिंतन एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना था प्रतियोगिता में श्री जितेन्द्र यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई |प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ कीर्तिवर्धन श्रीवास्तव (टैगोर सदन ) थे |


## साहित्य कोना

### वर्तमान परिस्थिति में विद्यार्थियों की चुनौतियाँ एवं भविष्य

वर्तमान समय तीव्र परिवर्तन का युग है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैश्वीकरण ने मानव जीवन को अभूतपूर्व गति दी है। विशेष रूप से ओपिन ए.आई. जैसी संस्थाओं द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों ने शिक्षा, उद्योग और संचार के क्षेत्र में नई संभावनाएँ खोली हैं।

आज का विद्यार्थी एक ऐसे दौर में जी रहा है जहाँ ज्ञान तक पहुँच अत्यंत सरल हो गई है, परंतु प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाएँ भी उसी अनुपात में बढ़ गई हैं।
वर्तमान परिस्थिति-
आज शिक्षा प्रणाली डिजिटल माध्यमों पर अधिक निर्भर हो गई है। ऑनलाइन कक्षाएँ, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और वर्चुअल संसाधनों ने पढ़ाई के तरीके को बदल दिया है। अब विद्यार्थी घर बैठे विश्वस्तरीय ज्ञान प्राप्त कर सकता है। यह समय अवसरों से भरा हुआ है—यदि विद्यार्थी चाहें तो वे अपनी प्रतिभा को वैश्विक मंच तक पहुँचा सकते हैं।परंतु हर अवसर के साथ चुनौतियाँ भी आती हैं। तकनीकी असमानता, ध्यान भंग, और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएँ सामने हैं। फिर भी यह याद रखना आवश्यक है कि कठिनाइयाँ ही व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं। जो विद्यार्थी इन परिस्थितियों में स्वयं को अनुशासित रख पाते हैं, वही भविष्य के सच्चे विजेता बनते हैं।

विद्यार्थियों की चुनौतियाँ
मानसिक दबाव – परीक्षा, अंक और करियर को लेकर तनाव बढ़ रहा है।
डिजिटल व्यसन – सोशल मीडिया के आकर्षण से समय का दुरुपयोग होता है।
रोज़गार की अनिश्चितता – बदलती तकनीकों के कारण नए कौशलों की आवश्यकता बढ़ रही है।



मूल्यों का संरक्षण – आधुनिकता के बीच नैतिकता और संस्कार बनाए रखना आवश्यक है।
इन चुनौतियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। इतिहास गवाह है कि हर कठिन दौर से महान व्यक्तित्व उभरकर सामने आए हैं। स्वयं पर विश्वास रखने वाला विद्यार्थी ही अपनी दिशा तय करता है।

भविष्य की दिशा: आशा और प्रेरणा
भविष्य उन्हीं का है जो सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। यदि विद्यार्थी निरंतर सीखने की आदत विकसित करें, अपने समय का सही उपयोग करें और असफलताओं से सीख लें, तो सफलता निश्चित है।
आज का संघर्ष ही कल की सफलता की नींव है। प्रत्येक विद्यार्थी में अपार क्षमता छिपी है। आवश्यकता है उसे पहचानने और निखारने की। सकारात्मक सोच, परिश्रम और आत्मविश्वास वह शक्ति है जो किसी भी बाधा को पार कर सकती है।याद रखिए—अंक आपके ज्ञान का केवल एक छोटा सा मापदंड हैं, आपकी वास्तविक पहचान आपके चरित्र, कौशल और दृढ़ निश्चय से बनती है। यदि आप ईमानदारी से प्रयास करेंगे, तो परिस्थितियाँ स्वयं आपके अनुकूल बन जाएँगी।



अतः वर्तमान चुनौतियों के बीच भी विद्यार्थियों का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है। हर सुबह एक नया अवसर लेकर आती है।
अपने लक्ष्य निर्धारित कीजिए, निरंतर आगे बढ़िए और विश्वास रखिए कि आप अपने जीवन के निर्माता स्वयं हैं। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी।
-डॉ कीर्तिवर्धन श्रीवास्तव

अंतरिक्ष से आया जीवन का संदेश?
क्या जीवन के निर्माण के आवश्यक तत्व केवल पृथ्वी तक सीमित थे? या ब्रह्मांड स्वयं जीवन के बीजों से भरा हुआ है? हाल ही में वैज्ञानिकों ने एक अंतरतारकीय धूमकेतु के अध्ययन के दौरान ऐसे कार्बनिक अणुओं की पहचान की है जिन्हें जीवन की रासायनिक नींव माना जाता है। इन अणुओं में वे रसायन शामिल हैं जो जैविक प्रक्रियाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं — जैसे कार्बन आधारित यौगिक, जो जीवित प्रणालियों की संरचना और कार्यप्रणाली में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। सरल शब्दों में कहें तो, ये वही प्रकार के रसायन हैं जो कभी प्रारंभिक पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति में सहायक रहे होंगे।यह खोज विज्ञान की दुनिया में इसलिए विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह संकेत देती है कि जीवन के “ingredients” केवल पृथ्वी पर ही विकसित नहीं हुए, बल्कि वे ब्रह्मांड में पहले से ही मौजूद हो सकते हैं। संभव है कि धूमकेतु और अन्य अंतरिक्षीय पिंड अरबों वर्षों से ऐसे अणुओं को विभिन्न ग्रहों तक पहुँचाते रहे हों। यह विचार हमें एक अत्यंत रोचक संभावना की ओर ले जाता है — शायद जीवन की कहानी पृथ्वी से कहीं अधिक व्यापक और ब्रह्मांडीय है। यह खोज केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व से जुड़ा एक गहरा दार्शनिक प्रश्न भी है — क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं?विज्ञान निरंतर इस रहस्य को समझने का प्रयास कर रहा है, और प्रत्येक नई खोज हमें ब्रह्मांड को एक नएदृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित करती है।

संदर्भ (References):


NASA. Astrobiology Research and Space Science Findings.
European Space Agency (ESA). Space Exploration Studies.
ScienceDaily. Latest Developments in Space Science.

— सुरभि पाठक (PGT Biology)



**बढ़ते हुए कदम**

बढ़ते हुए कदम यूं रुके न धरा पे
खुद को कर बुलंद झुक जाए नभ धरा पे
शर कंटकों को चूम पग रक्त की धारा चले
डगमगाए न क़दम यूं मंजिलों की राह पे ॥
जो चल अचल पर्वत सागर मार्ग में बाधा बने
हौसले को भर जिगर तू तानकर सीना चले
हुंकार वज्र सा ढा कहर बेड़ियों को तोड़कर
बन अंशु सा प्रचंड तेज कालिमा को भेद दे ॥
जुगनुओं की रात हो, हों अंधेरों के थपेड़े
चिलचिलाती धूप हो या श्वेतिमा के शीत गिले
न धर क़दम पीछे पलट तू राष्ट्र का निर्माण कर
बन चेतना स्वराष्ट्र की सर्वांग का विकास कर ॥
अशेष अनंत हर्ष को समेट कर आगोश में
बढ़े चलो बढ़े चलो दृढ़ संकल्प विश्वास में
तन्वंगी गंगा वेग सी लहरा सिंधु मिल जाओ तुम
कुछ भी अछूता न रहे इस सृष्टि सकल ब्रह्माण्ड में ॥
- नीरज श्रीवास्तव आलोक




**चींटी**

कहने को इतनी सी है तू
बोझ उठाती इतना सारा तू
अनुशासन कोई तुझसे सीखे
न निकाले कतार के बाहर पैर तू
सूँघ सूँघ कर आ जाती तू
मीठे पर कब्ज़ा जमा लेती तू
एकता तो कोई तुझसे सीखे
समय से पहले खाना इकठ्ठा कर लेती तू
नन्हे नन्हे पैर हैं तेरे
चल लेती कितना सारा
इतने सबके बाद भी पैरों से कुचली जाती तू
क्या करूँ ? इतनी सी ही तू
तुम भी सीखो कुछ इससे
करो अनुशासन का पालन
और भी सीखो करो काम तुम
एकता में रहकर
-श्रुति मिश्रा कक्षा 9

**महापुरुषों के विचार**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन :मानव का मानव होना ही उसकी जीत है, दानव होना हार है, और महामानव होना चमत्कार है।
स्वामी विवेकानंद: जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।
महात्मा गांधी: स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि आप खुद को दूसरों की सेवा में खो दें।
श्रीकृष्ण (भगवद्गीता): मनुष्य अपने विश्वास से निर्मित होता है। जैसा वह विश्वास करता है, वैसा ही वह बन जाता है।
रवींद्रनाथ ठाकुर: मुझे परवाह नहीं कि लोग मुझे किस तरह से देखते हैं, मेरी दुनिया मेरे नज़रिए में समाई हुई है।
अब्राहम लिंकन: लगभग सभी लोग गरीबी झेल सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी के चरित्र का परीक्षण करना चाहते हैं, तो उसे शक्ति दे दीजिये।




.
मार्टिन लूथर किंग जूनियर: अगर आप उड़ नहीं सकते तो दौड़ें, अगर दौड़ नहीं सकते तो चलें, अगर चल नहीं सकते तो रेंगें, लेकिन जो भी करें, आगे बढ़ते रहें।
नेल्सन मंडेला: शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।
गौतम बुद्ध: अपने शरीर को स्वस्थ रखना भी एक कर्तव्य है, अन्यथा आप अपने मन को मजबूत और स्पष्ट नहीं रख पाएंगे।
संग्रह- कृतिका यादव कक्षा 9

अनुशासन और तनाव

मानव जीवन में अनुशासन और तनाव दो ऐसे पक्ष हैं जो एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। जहाँ अनुशासन जीवन को दिशा, संतुलन और सफलता की ओर ले जाता है, वहीं तनाव जीवन की गति और परिस्थितियों से उत्पन्न एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। यदि इन दोनों के संबंध को सही ढंग से समझ लिया जाए, तो व्यक्ति अपने जीवन को अधिक सुखद और संतुलित बना सकता है।

अनुशासन का अर्थ है नियमों का पालन करना, समय का सही उपयोग करना और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना। विद्यार्थी जीवन में अनुशासन विशेष रूप से आवश्यक है। नियमित अध्ययन, समय पर कार्य पूर्ण करना और मर्यादित आचरण—ये सभी अनुशासन के उदाहरण हैं। अनुशासन व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाता है और उसके व्यक्तित्व का विकास करता है।

अनुशासन केवल बाहरी नियमों का पालन नहीं है, बल्कि यह आत्म-नियंत्रण की कला भी है। जो व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और इच्छाओं को नियंत्रित कर सकता है, वही सच्चे अर्थों में अनुशासित कहलाता है।अनुशासन के बिना जीवन बेकार है | हमारे देश में और विश्व में भी जितने भी महापुरुष हुए हैं उन्होंने अनुशासन के बल पर ही अपने जीवन को महान बनाया है और अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं |

जहाँ तक तनाव का प्रश्न है यह आधुनिक जीवन की एक सामान्य समस्या है। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएँ, कार्यभार और असफलता का भय—ये सभी तनाव के प्रमुख कारण हैं। थोड़ी मात्रा में तनाव व्यक्ति को प्रेरित कर सकता है, परंतु अत्यधिक तनाव शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

अनुशासन और तनाव का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब व्यक्ति का जीवन अनुशासित होता है, तो वह अपने कार्यों को समय पर पूरा कर लेता है। इससे अनावश्यक दबाव और घबराहट कम होती है। उदाहरण के लिए, यदि विद्यार्थी नियमित रूप से पढ़ाई करता है, तो परीक्षा के समय उसे कम तनाव का सामना करना पड़ता है।

इसके विपरीत, अव्यवस्थित जीवनशैली और टालमटोल की आदत तनाव को बढ़ा देती है। इसलिए अनुशासन तनाव को नियंत्रित करने का एक प्रभावी साधन है।


तनाव कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं -

1. समय का उचित प्रबंधन करना।
2. नियमित व्यायाम और योग करना।
3. पर्याप्त नींद लेना।
4. सकारात्मक सोच अपनाना।
5. कार्यों की प्राथमिकता तय करना।

इन उपायों के साथ यदि व्यक्ति अनुशासित जीवन अपनाता है, तो वह तनावमुक्त और सफल जीवन जी सकता है।

अंततः कहा जा सकता है कि अनुशासन और तनाव जीवन के दो पहलू हैं। अनुशासन तनाव को नियंत्रित करने में सहायक होता है और व्यक्ति को संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसलिए हमें अपने जीवन में अनुशासन को अपनाकर तनाव पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

-आराध्या जैन कक्षा–11



ज्ञानेन पुंसां सकलार्थ सिद्धि :

Chief Patron - The Principal
(Gyanodaya SMVM Hr. Sec. School)
Technical Support- Mr. Avinash Savita

## Humble request

Although before publishing the magazine it has been ensured that there are no errors in the magazine, however if any error has been left then the Editorial Board apologizes. Your suggestions are cordially invited to make the magazine even better.

-Editor

www.facebook.com/gyanodayakhurai
gyanodayaprincipal@gmail.com
www.gyanodayakhurai.org
youtube.com/UC_7RhrC1nipjZTanSKoEVEA
gyanodayakhurai/9826829441
gyanodayacampuscare.in
Gyanodaya khurai
9826829441, 07581-292149,292154

For more details scan QR code






MORE INFORMATION Contact No:- 9826829441 , 9770478148
www.gyanodayakhurai.org @Gyanodayakhurai123 Gyanodaya khurai gyanodaya smvm khura